भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2704
दिनांक 06 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

पोषण अभियान के अंतर्गत पौष्टिक भोजन

2704. श्री तालारी रंगैय्याः

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का 'पोषण' योजना के तहत देश में आंगनवाड़ी के माध्यम से बच्चों के लिए अतिरिक्त पोषण प्रदान करने का प्रस्ताव है;
(ख) क्या इसकी आपूर्ति को अंतिम रूप देने संबंधी आवश्यकताओं का डेटा एकत्र करने के लिए अब तक कोई सर्वेक्षण किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में भोजन की खरीद और आपूर्ति के लिए कोई एजेंसी नियुक्त की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) 'पोषण' परियोजना की समुचित निगरानी के लिए क्या तंत्र अपनाया गया है?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ुबिन ईरानी   महिला एवं बाल विकास मंत्री

(क) से (ग) : अंब्रेला समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) स्कीम की आंगनवाड़ी सेवा के अंतर्गत घर ले जाने वाले राशन के रूप में 6 माह से 3 साल के बच्चों को पूरक पोषण प्रदान किया जाता है तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार 3 से 6 वर्ष के बच्चों को सबेरे का नाश्ता और गरम पका भोजन दिया जाता है। अधिनियम की अनुसूची 2 के अंतर्गत निर्धारित पोषण मानदंडों के अनुसार इस आयुवर्ग में संस्तुत आहार भत्ता (आरडीए) और औसत दैनिक ग्रहण (एडीआई) के बीच अंतर को पाटने के लिए पूरक पोषण दिया जाता है। पोषण अभियान के तहत देश में आंगनवाड़ियों के माध्यम से बच्चों के लिए अतिरिक्त पोषण प्रदान करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। अंब्रेला आईसीडीएस स्कीम के तहत आंगनवाड़ी सेवा केंद्रीय प्रायोजित स्कीम है जिसका प्रबंधन एवं निगरानी संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा की जाती है।

(घ) : नीति आयोग पोषण अभियान के कार्यान्वयन के स्टेटस की ध्यान से निगरानी कर रहा है। इसके अलावा पोषण अभियान के कार्यान्वयन की ध्यान से निगरानी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय पोषण संसाधन केंद्र (एनएनआरसी) और राज्य स्तर पर राज्य पोषण संसाधन केंद्र (एसएनआरसी) हैं। पोषण अभियान के कार्यान्वयन के प्रगति की निगरानी करने के लिए राष्ट्रीय तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर नियमित समीक्षा एवं बैठकों का भी आयोजन किया जाता है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में राष्ट्रीय परिषद तथा कार्यकारणी भी नियमित रूप से पोषण अभियान की प्रगति की निगरानी करती है। आईसीडीएस-सामान्य ऐप्लीकेशन सॉफ्टवेयर आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के वजन और कद, आंगनवाड़ी केंद्र खोलने, घर ले जाने वाले राशन के वितरण, स्कूल पूर्व शिक्षा के लिए बच्चों की उपस्थिति पर डाटा प्राप्त करता है। इसके बाद यह डाटा/सूचना ब्लॉक, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पर्यवेक्षी स्टॉफ को वेब आधारित आईसीडीएस-सीएएस डैशबोर्ड पर निगरानी के लिए उपलब्ध कराई जाती है।

*****